हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक–277 : जौनपुर, शनिवार 12 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## महाशिवरात्रि से भक्त कर सकेंगे शिव कचहरी के दर्शन : सुरक्षित रखी गई हैं मूर्तियां

वाराणसी ब्यूरो : बाबा विश्वनाथ के धाम में आने वाले शिव भक्तों को जल्द ही शिव कचहरी के दर्शन भी होंगे। धाम में स्थापित हो रही मंदिरों की शृंखला के तहत शिव कचहरी को भी पुनःस्थापित किया जा रहा है। महाशिवरात्रि से पहले शिव कचहरी (शिव सभा) बनकर तैयार हो जाएगी। बाबा की भव्य कचहरी धाम चौक के बायीं तरफ बनाई जा रही है। काशी विश्वनाथ धाम में दूसरे चरण का काम तेजी से चल रहा है। गंगा द्वार के निर्माण के साथ ही धाम क्षेत्र के मंदिरों को भी स्थापित किया जा रहा है। शिव भक्त बाबा के दर्शन के बाद सीधे शिव सभा के भी दर्शन कर सकेंगे। वैदिक पूजन के साथ पुनः विराजमान कराया जाएगा शिव कचहरी के निर्माण के लिए महंत परिवार के सदस्य राजू पाठक, कमल मिश्रा, रमेश गिरि ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा से मुलाकात की थी। सीईओ ने जल्द निर्माण पूरी कराने की बात कही थी। पुराने कचहरी में विभिन्न स्वरूपों में 108 शिवलिंग, पांचों पांडव, काशी के छप्पन विनायक में पांच विनायक, कपिल मुनि की इकलौती प्रतिमा विराजमान थी। सभी मूर्तियां सुरक्षित रखी गई हैं। नए शिव कचहरी का निर्माण पूर्ण होते ही सभी विग्रह और शिवलिंग को वैदिक पूजन के साथ पुनः विराजमान कराया जाएगा। शिव कचहरी में फरियाद



करने पर पक्ष में आता है मुकदमे का फैसला मंदिर के महंत बच्चा पाठक और नील कुमार मिश्रा ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में शिव कचहरी से जुड़ी कई मान्यताएं हैं। जो लोग मुकदमे में फंस जाते हैं वो लोग इस कचहरी में अपनी फरियाद करते हैं। इससे उनके पक्ष में फैसला आता है। मान्यता है कि जो लोग मुकदमे में फंस जाते हैं, वो लोग इस शिव कचहरी में अपनी फरियाद करते हैं। जिससे उनके पक्ष में मुकदमे का फैसला आता है।

## क्विज प्रतियोगिता में उत्साहित होकर मतदाताओं ने किया सहभागिता

जौनपुर सू.वि. : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज वोट करेगा जौनपुर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जनपद के सभी 2807 परिषदीय विद्यालयों पर आयोजित हुआ। जिसमें उस क्षेत्र के मतदाताओं ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता किया। परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में के लिए नगर व 21 ब्लाकों में खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने अपने ब्लाकों में निगरानी करते रहे।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीध् सहायक स्वीप प्रभारी डा गोरखनाथ पटेल ने धर्मापुर ब्लाक के प्रा वि सैरेया, पू0 मा विद्यालय गजना आदि विद्यालयो में जा परीक्षा का निरीक्षण किया तथा उपस्थित लोगों को मतदाता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करते हुए 7 मार्च को मतदान करने हेतु प्रेरित करना है। उन्होंने बताया आज विधालय स्तर से सफल सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले दो–दो प्रतिभागी का नाम बीआरसी पर मंगाया गया है, इनकी ब्लाक स्तर पर 15 फरवरी को समय 11 बजें से परीक्षा होगी। प्रत्येक ब्लॉक से सफल तीन प्रतिभागियों की सूची जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करायेगे। 18



फरवरी को डायट परिसर में जिला स्तरीय परीक्षा होगी। जिसमें सफल प्रथम को 15 हजार, द्वितीय 10 हजार व तृतीय स्थान पर रहने वाले को 5 हजार रूपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराने में सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, डीसी प्रशिक्षण सुरेश पाण्डेय, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, एसआरजी डा अखिलेश सिंह, कमलेश यादव, एआरपी राजू सिंह सहित सभी शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशक का योगदान रहा।

## थाना रामपुर पुलिस व औषधिनिरीक्षक की संयुक्त टीम ने नकली दवाओं के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव 2022 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण एवं कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामपुर ओमनारायण सिंह के कुशल नेतृत्व में औषधी निरीक्षक की सूचना पर संयुक्त टीम ने रामपुर बाजार में संदिग्ध व्यक्तियो व संदिग्धा वाहन की चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति जो नकली दवायें बेच रहा था जिसे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से लगभग 02 लाख रूपये की नकली एन्टीबायोटिक्स दवाये बरामद हुई। अभियुक्त का नाम पता पुछा गया तो अपना नाम संदीप दीक्षित पुत्र श्री तहसीलदार दीक्षित निवासी भानापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर बताया। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 21/22 धारा 420/274/275 भादवि पंजीकृत किया गया। अभियुक्त से पूछताछ पर प्राप्त नकली दवाओं सम्बन्धिंत उल्लेखनीय जानकारी के आधार पर अन्य ठिकानों व सम्बन्धिंत व्यक्तियों की भी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–1. संदीप दीक्षित पुत्र श्री तहसीलदार दीक्षित निवासी भानापुर थाना रामपुर जनपद




जौनपुर बरामदगी का विवरण– 1. नकली एण्टीबायोटिक्स व अन्य दवाईयाँ अनुमानित कीमत लगभग 02 लाख रूपया। 2. एक अदद मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स। गिरफ्तारी टीम– 1. थानाध्यक्ष श्री ओमनारायण सिंह थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 2. औषधी निरीक्षक चन्द्रेश दुबे दुबे जनपद जौनपुर। 3. औषधी निरीक्षक सौरभ दुबे जनपद भदोही। 4. हे0का0 अखिलेश यादव थाना रामपुर जौनपुर। 5. का0 आकाश चौहान थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 6. का0 राहुल गुप्ता थाना रामपुर जनपद जौनपुर।

## मौतों के आंकड़े ने फिर डराया : 24 घंटे में 804 लोगों ने गंवाई जान और 50407 नए मामले मिले

नई दिल्ली ब्यूरो : देश में कोरोना के मामलों में लगातार गिरावट जारी है। हालांकि, मौतों का आंकड़ा हर दिन डरा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में आज कोरोना के 50 हजार से ज्यादा (50,407) मामले दर्ज किए गए। वहीं पिछले 24 घंटों में 804 लोगों की मौत हुई। यह आंकड़ा पिछले दिन से ज्यादा है। शुक्रवार को देश में कोरोना से 657 लोगों की कोरोना से मौत हो गई थी। शनिवार को जारी हुए ताजा आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में 1,36,962 लोग ठीक भी हुए। देश में अब कोरोना के कुल 6,10,443 सक्रिय मामले हैं। संक्रमण दर में गिरावट जारी देश में कोरोना की दैनिक संक्रमण दर में लगातार गिरावट जारी है। शनिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, दैनिक संक्रमण दर घटकर 3.48% पहुंच गई है। जबकि, शुक्रवार को यह 3.89% रह गई थी। वहीं कुछ सक्रिय मामलों में भी गिरावट आई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, देश में अब तक कोरोना से 5,07,981 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं कुल



वैक्सीनेशन 1,72,29,47,688 इतना हुआ है। 24 घंटे में घटे आठ हजार मरीज शुक्रवार को देश में कोरोना के 58,077 मरीज दर्ज किए गए थे, लेकिन पिछले 24 घंटे में यह संख्या 50 हजार के पास पहुंच गई है। यानी एक दिन में आठ हजार से ज्यादा मरीज घट गए। अब देश में कुल सक्रिय मामले 6,10,443 रह गए हैं, जो कल तक 6,97,802 थे।

## प्रकृति का हो साथ तो लंबी उम्र की मिले सौगात : काशी में 126 वर्षीय बाबा स्वामी शिवानंद पद्मश्री से सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पौराणिक ग्रंथों में कहा गया है कि प्रकृति के साथ रहने वाले व्यक्ति को लंबी उम्र प्राप्त होती है। इन ग्रंथों का उदाहरण विश्व की तपोभूमि काशी में देखने को मिला। काशी के दुर्गाकुंड स्थित कबीर नगर कॉलोनी में 126 साल की उम्र में स्वामी शिवानंद योगी की योग प्रतिष्ठा के रूप में। स्वामी जी ने कभी प्रकृति के नियमों को नहीं तोड़ा, वह आज भी ब्रह्म मुहूर्त में पूरी ऊर्जा के साथ योग करते हैं। उनके शरीर की चंचलता देखकर किशोर मन का अनुभव होने लगता है। आज के युग में लोग 40 वर्ष के बाद तरह–तरह की बीमारियों के पहरे में हो जाते हैं। यह चिकित्सा विज्ञान के लिए भी शोधा का विषय है। स्वामी शिवानंदजी ने आज तक किसी दवा का सेवन नहीं किया। उनकी दिनचर्या और सादा जीवन उन्हें उच्च और आध्यात्मिक विचार की ओर प्रेरित करता है। आज वह विश्व के सबसे अधिक वयस्क पुरुष के रूप में मान्यता रखते हैं। हालांकि वह इन सब चीजों में विश्वास नहीं रखते उन्हें अपनी मार्केटिंग का कोई शौक नहीं है वह एक आम आदमी की तरह अपना जीवन व्यतीत करना चाहते हैं, इसलिए हमेशा प्रचार प्रसार से दूर रहे। आज भी उनकी दिनचर्या का पूरा समय योग अध्यात्म और पूजा पाठ में व्यतीत होता। स्वामी शिवानंद बाबा जी का आशीर्वाद मुझे भी मिला। बाबा के पास मैं पहले भी जाता था। दुर्गाकुंड स्थित कबीर नगर कॉलोनी के तीसरी मंजिल पर वह आसानी से बिना किसी सहारे के बच्चों की तरह 18 सीढ़ियां चढ़ जाते हैं। बाबा योगपुरुष है उनकी कोई स्कूली शिक्षा नहीं है। वह एक भिक्षुक के घर में पैदा हुए। अपने गुरु सद्गुरु ओंकारानंद गोस्वामी जी से दीक्षा ग्रहण कर दिव्य ज्ञान का लाभ लिए है। स्वामी जी निस्वार्थ निष्काम कर्मयोग एवं भक्ति मार्ग के प्रतीक हैं सदा आनंदमय जीवन प्रतीत करते हैं। वह आजन्म ब्रह्मचारी है। 26 जनवरी 2022 को उन्हें राष्ट्रपति की ओर से पद्मश्री के लिए नामांकित किया गया। बाबा आज भी तीन किलोमीटर पैदल चलते हैं। तीन दशक तक वे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, हंगरी समेत कई देशों की यात्रा भी की। आज भी घनघोर ठंड में बिना कपड़े के वह साधना करते हैं। 126 साल की अवस्था में उनके सिर के बाल पुनः काले हो रहे हैं। वह वाराणसी के कबीर नगर कॉलोनी में गुमनामी का जीवन व्यतीत कर अध्यात्म में लीन रहते हैं। भोर में तीन बजे से उनकी दिनचर्या शुरू होने के बाद वह रात्रि में 9 बजे विश्राम करते हैं। भारत सरकार के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के संसदीय क्षेत्र से उन्हें खोज निकाला। पद्मश्री मिलने के बाद अचानक चर्चा में आए और प्रशासनिक महकमा उनके घर पहुंचने लगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर तमाम राजनेताओं के फोन घनघनाने शुरू हो गए। वह आज भी उबला भोजन करते हैं। भोजन में नमक मसाला तेल का प्रयोग नहीं करते। हल्का सेंधा नमक उनके खानपान में शामिल है। स्कूली शिक्षा ना होने के बावजूद भी फर्राटेदार अंग्रेजी में बात करते हैं। संस्कृत के श्लोकों में का भी उच्चारण शुद्ध रूप में करते हैं। उनसे आशीर्वाद पाकर मैं भी अपने को धन्य मानता हूं। बाबा के घर गुलाब जामुन और चाय पीकर मन प्रसन्न हुआ। हालांकि बाबा इन सब चीजों को ग्रहण नहीं करते। बाबा के साथ एक घंटे बैठकर उनकी शारीरिक स्वस्थता का राज जाना।



धर्म–कर्म और अध्यात्म पर चर्चा हुई। देश के कई नामी–गिरामी डॉक्टरों ने भी मेडिकल टेस्ट के जरिए उनके उम्र पर अध्ययन किया। देश और विदेश में बाबा के अनेकों शिष्य हैं मगर पश्चिम बंगाल के संजय जी एक कॉल पर बाबा के आश्रम में उपस्थित हो जाते हैं और बाबा के साथ पूरे देश का भ्रमण करते हैं। बाबा के कुछ उपदेश निम्न है—– धन से आपको औषधियां मिल सकती है, परंतु स्वास्थ्य नहीं। धन से आपको भोजन मिल सकता है, परंतु पाचन शक्ति नहीं। धन से आपको बिस्तर मिल सकता है, परंतु निद्रा नहीं। धन से आपको अलंकार मिल सकता है, परंतु सौंदर्य नहीं। धन से आपको पुस्तक मिल सकता है, परंतु बुद्धि नहीं। धन से आपको पात्र मिल सकता है, परंतु साधुता नहीं। धन से आपको मंदिर मिल सकता है, परंतु भगवान नहीं। बाबा का मानना है कि माता और पिता की मृत्यु के बाद मुखाग्नि की जगह चरणाग्नि देनी चाहिए। उन्होंने अपने माता पिता की मृत्यु के बाद चरणाग्नि दी थी।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित

आर एल पाण्डेय लखनऊ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि सरोजनी नगर दक्षिण प्रथम मंडल के अंतर्गत पिछड़ा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष विशाल लोधी के आवास पर हुई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल वर्मा क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव मंडल उपाध्यक्ष श्रीराम गुप्ता वार्ड अध्यक्ष श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव मंडल महामंत्री लक्ष्मण अनुसूचित मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष पंकज कुमार, दीपक लोधी, बृजेश साहनी, अमरनाथ गुप्ता, शिवा सिंह, मोहित राजपूत, आकाश राजपूत, सुजीत कुमार, सचिन लोधी, अस्तित्व तिवारी, गोलू कुमार, फैजल खान, सोनू पांडे आदि कार्यकर्ता



उपस्थित रहे। क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने एकाधयमानववाद के बारे में जो संदेश हम लोगों को दिया है। हम उसी विचारधारा से आगे बढ़कर समाज के सभी लोगों के बीच में जाकर उनके संदेश को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बीएसएफ ने गुजरात के भुज में छह पाकिस्तानी मछुआरों को गिरफ्तार किया : 11 नौकाएं जब्त

नई दिल्ली ब्यूरो : सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और थल सेना की टीम ने वायु सेना के सहयोग से गुजरात के भुज में शुक्रवार को छह पाकिस्तान मछुआरों को गिरफ्तार किया और 11 नौकाएं जब्त कीं। भुज में हरामी नाला के इलाके में नौ फरवरी को मछली पकड़ने वाली पाकिस्तानी नौकाओं और मछुआरों की घुसपैठ का पता चला था। बीएसएफ ने घुसपैठ का पता चलते ही तत्काल 300 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। बीएसएफ ने बृहस्पतिवार को अपने विशेष क्रीक क्रोकोडाइल कमांडो को इस अभियान में लगाया था। करीब 30 घंटे तक चले सघन अभियान के बाद यह सफलता मिली। अधिकारियों के मुताबिक, जब्ती के बाद बीएसएफ ने यह पता लगाने के लिए खाड़ी क्षेत्र में तलाश अभियान शुरू किया है कि क्या पड़ोसी देश से ऐसी और कोई नौका भारतीय जलक्षेत्र में दाखिल हुई है। बीएसएफ के गुजरात फ्रंटियर के महानिरीक्षक जीएस मलिक ने बताया कि नियमित गश्त के दौरान बीएसएफ कर्मियों ने क्षेत्र का पूरा विजन देखने के लिए कैमरे से लैस यूएवी (मानव रहित यान या ड्रोन) को भेजा था। यूएवी के जरिए हमें हरामी नाला क्षेत्र में मछली पकड़ने वाली नौकाएं दिखीं। बीएसएफ की गश्ती नौकाएं तुरंत मौके पर पहुंच गईं और पाकिस्तान के मछुआरों की उन नौकाओं को जब्त कर लिया।

## सेंट क्लेयर कान्वेंट स्कूल में निःशुल्क वैक्सीनेशन शिविर सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। यूपी हेल्थ डिपार्टमेंट के संयोजन में हरदोई रोड स्थित सेंट क्लेयर्स कान्वेंट स्कूल में निःशुल्क वैक्सीनेशन कैंप लगाया गया। कोविड–19 वैक्सीनेशन सेंटर का स्लोगन चलो वैक्सीन लगवाएं के तहत फ्री वैक्सीनेशन कैंप में 15 से 18 वर्ष के बच्चों का वैक्सीनेशन किया



गया। सेंट क्लेयर्स कान्वेंट स्कूल में अधिकांश 15 से 18 वर्ष के बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया। इलाके के बच्चों ने भी वैक्सीन लगवाई। सभी बच्चे साथ में आधार कार्ड और मोबाइल लेकर आए और सबसे पहले रजिस्ट्रेशन कराया तत्पश्चात प्रथम डोज , द्वितीय एवं बूस्टर डोज लगवाई। उक्त जानकारी विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर विनीता जोजफ ने दी।

## बसपा नेता ने रायबरेली में किया जनसंपर्क

आर एल पाण्डेय लखनऊ। रायबरेली के सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र–बछरावां में कार्यकर्ता बैठक करते हुए श्रीमती लाजवंती कुरील जी को विधानसभा क्षेत्र– बछरावां का विधायक बनाने के लिए अपील की गई। इस



मौके पर विनय कुमार कश्यप एडवोकेट (मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ मण्डल बसपा), राकेश कुमार गौतम (मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ मण्डल बसपा), हरीश सैलानी(मुख्य सेक्टर प्रभारी लखनऊ मण्डल), बाल कुमार गौतम( जिला अध्यक्ष रायबरेली) , जिला कमेटी, विधानसभा कमेटी, सभी सेक्टर अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकर्ता गण सामिल रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
जिंदगी में आनें वाली परिस्थितियों से लड़ना है, लाड़ नहीं करना है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# महाराजा की मुक्ति : लेकिन सवाल बाकी

सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण 2019–20 से पता चलता है कि केंद्र द्वारा संचालित 256 सार्वजनिक उद्यमों में से 84 ने 44,817 करोड़ रुपये तक के नुकसान की सूचना दीदृयानी हर घंटे पांच करोड़ रुपये का घाटा।

आखिरकार महाराजा को सरकार ने मुक्त कर दिया! जून, 2017 में इस स्तंभकार ने कहा था कि सरकार को नागरिक उड्डयन में अपनी भूमिका पर विचार करना चाहिए और अगर इस राष्ट्रीय वाहक का भविष्य बनाना है, तो एयर इंडिया का स्वामित्व टाटा को सौंप देना चाहिए। इस फैसले को आने में थोड़ा वक्त लगा है, लेकिन जिस तरह से यह फैसला आया है, वह काबिलेतारीफ है। महाराजा दीर्घायु हो। अब सवाल उठता है कि अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के बारे में सरकार का क्या विचार है। केंद्र संचालित सार्वजनिक उद्यम (सीपीएसई) में अक्षमता और मूल्य विनाश की स्थिति तत्काल निजीकरण की मांग करती है। सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण 2019–20 से पता चलता है कि केंद्र द्वारा संचालित 256 सार्वजनिक उद्यमों में से 84 ने 44,817 करोड़ रुपये तक के नुकसान की सूचना दीदृयानी हर घंटे पांच करोड़ रुपये का घाटा।

पिछले पांच वर्षों में औसतन 75 सीपीएसई ने भारी घाटा दर्ज किया है। वर्ष 2015–16 और 2019–20 के बीच, इन सीपीएसई द्वारा 1,61,142 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, जो प्रति वर्ष औसतन 32,000 करोड़ रुपये से अधिक है। दरअसल, सरकार ने अगस्त 2021 में संसद को सूचित किया था कि '30 सीपीएसई लगातार 1,06,879 करोड़ रुपये के संचयी नुकसान के साथ घाटे में चल रहे थे।' हमारे सामने बढ़ते नुकसान की काली छाया है और फिर धन का क्षरण होता है–करदाताओं के स्वामित्व वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के सूचीबद्ध शेयरों को प्रबंधन छूट का सामना करना पड़ता है। बीएसई में सूचीबद्ध 90 से अधिक संस्थाओं के साथ सरकार देश का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है। 31 दिसंबर, 2021 को सभी सूचीबद्ध शेयरों का बाजार मूल्य 266 लाख करोड़ रुपये था, जबकि पीएसई शेयरों का बाजार मूल्य 22.01 लाख करोड़ रुपये था।

सरकार देश के वित्तीय क्षेत्र में बड़े भाई की भूमिका में है, क्योंकि पूरे बैंकिंग क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की संख्या दो तिहाई से ज्यादा है। सभी सूचीबद्ध पीएसबी के शेयरों का कुल बाजार मूल्य लगभग 7.7 लाख करोड़ रुपये है। इसके विपरीत, निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 8.11 लाख करोड़ रुपये है, जो सभी सूचीबद्ध पीएसबी के बाजार मूल्य से अधिक है। दरअसल, सभी पीएसबी का बाजार मूल्य निजी बैंकों के बाजार मूल्य का बमुश्किल एक तिहाई है।

भारत के सार्वजनिक क्षेत्र का प्रबंधन अपर्याप्त वैचारिक स्पष्टता से ग्रस्त है कि सरकार के पास क्या होना चाहिए, और क्या प्रबंधन करना चाहिए तथा उसे क्या विनिवेश करना चाहिए। ऐतिहासिक गलतियां हुई हैं, जिसके पीछे विरासत एक बड़ा कारण है। 1950 में एयर इंडिया के अधिग्रहण के विफल होने की भविष्यवाणी की गई थी। न्यायमूर्ति राजाध्यक्ष की अध्यक्षता वाली वायु परिवहन समिति ने चेतावनी दी थी कि हवाई परिवहन अत्यधिक विशिष्ट है और 'सरकार से जुड़ी धीमी और सख्त नौकरशाही विधियां हवाई परिवहन उद्योग की जरूरतों के लिए अनुपयुक्त हैं।' सरकारी स्वामित्व का परिदृश्य तब और खराब हो गया, जब राजनीतिक और प्रणालीगत सुविधा से प्रेरित फैसले लिए गए। मसलन, सत्तर के दशक में कपड़ा मिलों के राष्ट्रीयकरण को देखा जा सकता है।

अर्थव्यवस्था के बंद होने पर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की एकाधिकार स्थिति से समाजवादी पैटर्न कायम था। आदर्श रूप में, 1990 के दशक में अर्थव्यवस्था के खुलने के बाद नीति को धुरी पर लाना चाहिए था। निजी क्षेत्र के लिए खुले डोमेन में सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के सह–अस्तित्व ने सभी क्षेत्रों में करदाताओं द्वारा वित्तपोषित सार्वजनिक संपत्ति के त्वरित क्षरण को तेज कर दिया। हालांकि पिछले दशकों के दौरान सत्ताधारी शासन के भीतर और बाहर से सरकार को व्यवसाय से बाहर करने के प्रतिरोध ने अस्पष्ट और सुविधाजनक परिभाषाएं बनाईं, जिसे रणनीतिक रूप में परिभाषित किया गया। उदाहरण के लिए, भारत पेट्रोलियम, जो 2021 में बिक्री के लिए तैयार था, को रणनीतिक माना गया, भले ही सरकार ने निजी कंपनियों के लिए पेट्रोलियम क्षेत्र को लंबे समय से खोल दिया था। और जिन कंपनियों का निजीकरण किया गया, उन्होंने भले ही अच्छा प्रदर्शन किया हो, पर अटल बिहारी वाजपेयी के शासन में निजीकरण की सफलता के बावजूद, विनिवेश/निजीकरण के खिलाफ राजनीतिक सहमति दो दशकों से कायम है। आमतौर पर, विपक्षी दलों ने सत्ता में रहते हुए जो प्रस्ताव रखा था, ठीक–ठीक उसी का विरोध किया है।

विनिवेश और/या निजीकरण की राजनीतिक स्थिति राजकोषीय घाटे को पाटने के एक तंत्र के रूप में है, यानी यह राजनीतिक अर्थव्यवस्था का वह अनाथ है, जो सरकारी खर्च और आय के बीच के अंतर को परिभाषित करता है। यह स्थिति अपव्यय को लक्षित करने में विफलता को वैध बनाती है और बजट में घोषित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए क्रमिक शासनों की विफलता में प्रकट होती है। संप्रेषण का गायब हिस्सा यह तथ्य है कि सरकार के व्यवसाय से बाहर निकलने की आवश्यकता बेहतर सार्वजनिक हित से प्रेरित है।

एयर इंडिया के निजीकरण की सफलता इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। एलआईसी की लिस्टिंग में हो रही देरी, और वास्तव में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सरकार की हिस्सेदारी का कमजोर पड़ना, दृष्टिकोण में संरचनात्मक परिवर्तन की आवश्यकता को प्रकट करता है। वर्ष 2021 में, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने राजनीतिक रूप से ज्वलंत शब्द 'निजीकरण' को राजनीतिक आख्यान में शामिल किया। यह आवश्यक था, लेकिन पर्याप्त नहीं था। भारत की राजनीतिक अर्थव्यवस्था प्रतिस्पर्धी संकटों और परस्पर विरोधी मजबूरियों से घिरी हुई है। भारत की अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए केंद्रीय चुनौती संसाधनों को बचाना, क्षमता निर्माण और उत्पादकता को बढ़ावा देना है। यह महत्वपूर्ण है कि सरकारी प्रबंधन के दायरे से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को संसद के प्रति जवाबदेह सार्वजनिक न्यास में स्थानांतरित करने के लिए एक खाका तैयार किया जाए, ताकि सरकार, किसका स्वामित्व रखना और किसे निवेश करना चाहिए, किसे प्रबंधित करना और किसे बेचना चाहिए, के पुनर्गठन में सक्षम हो सके।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## पंडित दीनदयाल एक सच्चे देशभक्त विचारक और निःस्वार्थ सेवा के प्रतीक थे : प्रकाश पाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रकाश पाल और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजाबक्स सिंह ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्व. पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिला प्रभारी ने पुण्यतिथि पर पंडित दीनदयाल को याद करते हुए कहा कि भाजपा आज के दिन को समर्पण दिवस के रूप में मनाती है। एक सच्चे देशभक्त, गहन विचारक और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवतावाद और अंत्योदय के सिद्धांतों ने भारतीय जनता पार्टी को को देश तथा वंचितों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया और वह सभी के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बने रहेंगे। इस मौके पर राजाबक्श सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबो के कल्याण कर अनेक योजनाओ एवं कार्यक्रमां के माध्यम से साकार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के अंत्योदय के लक्ष्य के आधार पर नये भारत के संकल्प का ही परिणाम है कि गांव, गरीब एवं किसान के जीवन में निरंतर बदलाव आ रहा है और देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन




ने कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय महान चिन्तक, संगठनकर्ता एवं भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहते हुए आपने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत किया। महामंत्री अनुराग मिश्र ने कहा आज उनकी एकात्म मानववाद की प्रगतिशील विचारधारा देश के विकास में बहुत काम आ रही है। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक जिला कार्यालय मंत्री अतुल सिंह किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विश्वराज सिंह सत्यम शुक्ला हर्षित आदि मौजूद रहे।

## डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता शिविर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर हरदोई में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवको द्वारा स्वीप कार्यक्रम–2022 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । संयोजक डा. एस.एस.त्रिवेदी ने बताया इसके अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को मतदाता बनने के लिए व मतदान करने के लिए जागरूक किया गया और अपने आस–पड़ोस 18 वर्ष से ऊपर के बालक बालिकाओं के नाम विभिन्न प्रारूपों के माध्यम से सम्मिलित करने नाम में संशोधन करने तथा सूची से नाम हटवाने के बारे में जानकारी दी गई इस अवसर पर डॉ शशिकांत पांडे ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक गणराज्य है यहां पर सभी व्यक्तियों को अपना प्रतिनिधि चुनने की स्वतंत्रता है जो व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेते हैं वह मतदान में भाग ले सकते है व अपने इच्छा अनुरूप अपने प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं तथा वह छात्र जो 18 वर्ष से ऊपर ऊपर के हैं तथा अभी तक उनका सूची में नाम सम्मिलित नहीं है वह प्रारूप 6 के माध्यम से अपना नाम सूची में सम्मिलित करा सकते हैं बूथ पर जाकर निर्वाचन कार्ड या आधार कार्ड के माध्यम से अपना मतदान कर सकते हैं इस अवसर पर जपनीत सिंह ने ने कहा कि मतदान के माध्यम से हम अपने इच्छा अनुरूप प्रतिनिधि को चुन सकते हैं और उसके



आधार पर हम अपनी मनचाही सरकार बना सकते हैं इसके पश्चात डॉ रश्मि द्विवेदी ने कहा कि जो छात्र–छात्राएं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं और उनका नाम सूची में सम्मिलित है वह अपना मतदान अवश्य करें । प्राचार्य डा. अर्चना पाण्डेय ने सभी छात्र छात्राओं ने सामूहिक रूप से विद्यालय प्रांगण के साथ शपथ ली की "हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, जाति, भाषा, समुदाय आदि से बिना प्रभावित हुए सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । " 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो'" इस अवसर पर मोनी सिंह, मेघा ,किरन, सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पं.दीनदयाल जी के अन्त्योदय के सपनों को साकार कर रही सरकार : डाआरए वर्मा

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : एकात्म मानववाद के प्रणेता अजातशत्रु पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की 54 वीं पुण्यतिथि जिला मुख्यालय पर आयोजित हुई ।इस दौरान कार्यकर्त्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके दिखाये गये मार्ग व आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया ।भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नगर के सुपर मार्केट परिसर स्थित पं0 दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की ।नगर मण्डल अध्यक्ष आकाश जायसवाल के संयोजन में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा ने कहा भाजपा सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के अन्त्योदय के सिद्धांतो व सपनो को साकार करने का काम कर रही है ।उन्होंने कहा पं0 दीनदयाल उपाध्याय हमेशा गरीबों की चिंता करते थे ।भाजपा की सरकार भी गरीबों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए काम कर रही है ।भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 188 सुलतानपुर के भाजपा प्रत्याशीपूर्व मंत्री विनोद सिंह ने भी दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित



किया ।इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष डा.सीतासरण त्रिपाठी, महिला आयोग की सदस्य सुमन सिंह,विजय सिंह रघुवंशी,आलोक आर्या, राम कृपाल सिंह अखिलेश जायसवाल, विनोद कुमार पांडेय, अनिल बरनवाल,संतोष दूबे, सभासद अरूण सिंह,मनीष सिंह,प्रदीप बरनवाल,राजकुमार सोनी,राजीव सिंह,राकेश जायसवाल,आशीष सिंह रघुवंशी,आर.सी.पाण्डे,वीरेन्द्र भार्गव, मनीष साहू, मोहित साहू,विनय कुमार सिंह, संदीप जायसवाल, नितिन अग्रवाल आदि ने भी पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## सपा प्रत्याशी ने दर्जनों गांवों का दौरा कर किया जनसम्पर्क

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय बाजार मे पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया इसौली विधानसभा सीट के सपा प्रत्याशी मोहम्मद ताहिर खान पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नीतियों को लेकर गली–गली गांव–गांव बाजार भ्रमण कर रहे हैं जहां पर पहुंचते हैं लोग उत्साह से भर जाते हैं संगठन द्वारा प्रसारित गांव का दौरा हो रहा है इसी कड़ी में बल्दीराय तहसील के अंतर्गत बल्दीराय बाजार, पटैला, नंदौली, बीही निंदूरा, सहित दर्जनो गांवों का तूफानी दौरा कर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार कर अपने लिए वोट मांगे। इस मौके पर ,पासी समाज के जिला अध्यक्ष श्रीपाल पासी, पूर्व प्रधान सोनू कोरी ,पूर्व प्रधान रामचंद्र यादव



बल्दीराय प्रभारी, सपा नेता अख्तर रजा ,राधेश्याम यादव, बृजेश यादव ,उमाकांत यादव, ब्लाक अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव, मोहम्मद इशा खान, अकबर राजा, असगर राजा, सज्जाद रहमान, तुफैल अहमद कुन्नू, जुनैद खान, डॉक्टर जहीर खान ,प्रधान जुनैद अहमद, विजय पासी ,शेर बहादुर यादव, अब्दुल्लाह खान, आदि लोग मौजूद रहे।

## चार साल बाद दो नई टीमों के साथ मेगा ऑक्शन की वापसी : 600 खिलाड़ियों की किस्मत दांव पर

नई दिल्ली ब्यूरो : आईपीएल 2022 के लिए मेगा ऑक्शन का दिन आ चुका है। आज दोपहर 12 बजे से मेगा ऑक्शन की शुरुआत होगी। चार साल बाद मेगा ऑक्शन की वापसी हो रही है। पिछली बार मेगा ऑक्शन 2018 में हुआ था, क्योंकि चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम दो साल का बैन झेलने के बाद लीग में वापस आई थी ।2018 में 182 स्लॉट के लिए 13 देशों के 578 खिलाड़ियों को चुनने के लिए आठ टीमों ने बोली लगाई थी। वहीं, इस बार लखनऊ सुपर जाएंट्स और गुजरात टाइटंस के रूप में दो नई टीमें जुड़ी हैं। इस साल आईपीएल 10 टीमों के बीच खेली जाएगी। 2018 मेगा ऑक्शन में 578 में से 169 खिलाड़ी बिके 2018 मेगा ऑक्शन में 578 खिलाड़ियों में से केवल 169 खिलाड़ी ही बिके थे। उनमें 113 भारतीय और 56 विदेशी खिलाड़ी थे। 2018 मेगा ऑक्शन में इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स सबसे महंगे खिलाड़ी रहे थे। उन्हें राजस्थान ने 12.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब यह देखना होगा कि इस बार ऑक्शन में कौन सा खिलाड़ी अच्छी राशि पाता है। 10 टीमों के पास कुल मिलाकर 217 स्लॉट खाली हैं। ऑक्शन में कितने भी भारतीय खिलाड़ी बिक सकते हैं। वहीं, विदेशी खिलाड़ियों के लिए 70 स्लॉट खाली हैं। एक फ्रेंचाइजी के पास ज्यादा से ज्यादा आठ विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। इस बार 180 से 200 खिलाड़ी मेगा ऑक्शन में बिक सकते हैं। 15 देशों के 590 खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट किए गए इस बार मेगा ऑक्शन के लिए 19 देशों के 1214 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से 15 देशों के 590 खिलाड़ियों को फाइनल नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। नीलामी से ठीक एक दिन पहले अंडर–19 वर्ल्ड कप में खेलने वाले 10 खिलाड़ियों के नाम जोड़े गए। इस तरह 600 खिलाड़ियों में से 229 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके (कैप्ड) हैं। वहीं, 344 अनकैप्ड खिलाड़ी हैं, यानी इन खिलाड़ियों को अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव नहीं है। सात खिलाड़ी एसोसिएट देश (नेपाल, स्कॉटलैंड जैसे देश) से हैं। यह आईपीएल का 15वां संस्करण होगा। दो करोड़ रुपये की बेस प्राइस वाले 48 खिलाड़ी 48 खिलाड़ी दो करोड़ रुपये के बेस प्राइस वाले हैं। इसमें 31 विदेशी और 17 भारतीय खिलाड़ी हैं। वहीं, 20 खिलाड़ियों का बेस प्राइस डेढ़ करोड़ (1.5 करोड़) रुपये है। 34 खिलाड़ियों का बेस प्राइस एक करोड़ रुपये है। बेस प्राइस का मतलब है कि इन खिलाड़ियों पर बोली की शुरुआत इसी राशि से होगी। नीलामी में 600 खिलाड़ियों में से 377 भारतीय और 223 विदेशी खिलाड़ी हैं। ऑक्शन में भारत के बाद सबसे ज्यादा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया (50) के हैं। ऑक्शन में उतरने वाले मुख्य भारतीय खिलाड़ी ऑक्शन में उतरने वाले मुख्य भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो इसमें श्रेयस अय्यर, शिखर धवन, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, ईशान किशन, अजिंक्य रहाणे, सुरेश रैना, युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, ईशांत शर्मा, उमेश



यादव जैसे क्रिकेटर्स शामिल हैं। इनमें से श्रेयस, ईशान, शार्दुल और दीपक चाहर पर बड़ी बोली लग सकती है। दो करोड़ रुपये की बेस प्राइस वाले मार्की खिलाड़ी डेविड वार्नर, अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, पैट कमिंस, क्विंटन डिकॉक, धवन, फाफ डुप्लेसिस, श्रेयस, कगिसो रबाडा और शमी उन खिलाड़ियों में हैं, जिनकी बेस प्राइस दो करोड़ रुपये है। इन्हें आईपीएल ने मार्की खिलाड़ी भी बताया है। मार्की ऐसे खिलाड़ी होते हैं, जिनमें हर फ्रेंचाइजी की दिलचस्पी होती है। इसके अलावा जॉनी बेयरस्टो, जेसन होल्डर, ड्वेन ब्रावो, शाकिब अल हसन और वानिंदु हसारंगा जैसे विदेशी खिलाड़ी भी नीलामी में उतरेंगे। अंडर–19 क्रिकेटर्स भी ऑक्शन में होंगे शामिल इस बार ऑक्शन में अंडर–19 स्टार्स का तड़का भी लगेगा। अंडर–19 विश्व कप खेल रहे यश धुल, विक्की ओस्तवाल, राजवर्धन हंगरगेकर भी ऑक्शन में उतरेंगे। इसके अलावा दोनों हाथ से गेंदबाजी करने वाले ऑस्ट्रेलिया के भारतीय मूल के खिलाड़ी निवेथन राधाकृष्णन पर भी बोली लगेगी। देवदत्त पडिक्कल, हर्षल पटेल, क्रुणाल पांड्या, शाहरुख खान, दीपक हुड्डा और आवेश खान पर भी बड़ी बोली लगने की उम्मीद की जा रही है। 33 खिलाड़ियों को किया गया रिटेन 10 टीमों ने कुल मिलाकर 33 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। आठ पुरानी टीमों ने 27 खिलाड़ियों को रिटेन किया, जबकि, दो नई टीमों अहमदाबाद और लखनऊ ने छह खिलाड़ियों को शामिल किया। केएल राहुल को लखनऊ ने 17 करोड़ में अपनी टीम के साथ जोड़ा है। इसके साथ ही वह संयुक्त रूप से आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी भी बन गए। इससे पहले रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के पूर्व कप्तान विराट कोहली को 2021 सीजन में 17 करोड़ रुपये ही मिलते थे। लखनऊ ने केएल को अपनी टीम का कप्तान भी बनाया है। वहीं, अहमदाबाद ने हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया है। किस टीम ने किन खिलाड़ियों को कितने में किया रिटेन मुंबई इंडियंसः रोहित शर्मा (16 करोड़), जसप्रीत बुमराह (12 करोड़), सूर्यकुमार यादव (08 करोड़), कीरोन पोलार्ड (06 करोड़)। रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोरः विराट कोहली (15 करोड़) , ग्लेन मैक्सवेल (11 करोड़), मोहम्मद सिराज (07 करोड़)। चेन्नई सुपरकिंग्सः रवींद्र जडेजा (16 करोड़), एमएस धोनी (12 करोड़), मोईन अली (08 करोड़), ऋतुराज (06 करोड़)। दिल्ली कैपिटल्सः ऋषभ पंत (16 करोड़), अक्षर पटेल (09 करोड़), पृथ्वी शॉ (7.5 करोड़), एनरिज नोर्तजे (6.5 करोड़)। कोलकाता नाइटराइडर्सः आंद्रे रसेल (12 करोड़), वेंकटेश अय्यर (08 करोड़), वरुण चक्रवर्ती (08 करोड़), सुनील नारायण (06 करोड़)। राजस्थान रॉयल्सः संजू सैमसन (14 करोड़), जोस बटलर (10 करोड़), यशस्वी जायसवाल (04 करोड़)। पंजाब किंग्सः मयंक अग्रवाल (12 करोड़), अर्शदीप सिंह (04 करोड़)। सनराइजर्स हैदराबादः केन विलियम्सन (14 करोड़), उमरान मलिक (04 करोड़), अब्दुल समद (04 करोड़) ।लखनऊ सुपर जाएंट्सः केएल राहुल (17 करोड़), मार्कस स्टोइनिस (9.2 करोड़), रवि बिश्नोई (04 करोड़) ।गुजरात टाइटंसः हार्दिक पंड्या (15 करोड़), राशिद खान (15 करोड़), शुभमन गिल (08 करोड़)।

## डबल इंजन की सरकार ने विकास का रोल माडल स्थापित किया : भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह का चुनावी जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है ।शुक्रवार को सुबह जहां भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने विवेकनगर और निराला नगर में जनसम्पर्क कर 27 फरवरी को कमल के फूल पर मतदान कर पीएम मोदी व सीएम योगी के हाथों को मजबूत करने का अनुरोध किया ।वहीं नगर के दीवानी परिसर, कलेक्ट्रेट व तहसील परिसर पहुंचकर अधिवक्ताओं और वादकारियों से मुलाकात कर आशीर्वाद मांगा। गौरतलब हो कि विनोद सिंह खुद अधिवक्ता हैं और अपनी वकालत की शुरुवात भी उन्होंने यही से की थी। लिहाजा उन्हें अधिवक्ताओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस दौरान विनोद सिंह ने कहा कि देश मे पीएम मोदी और प्रदेश में सीएम योगी की डबल इंजन की सरकार ने विकास का रोल माडल स्थापित किया है। इस मौके पर उन्होंने पूर्व बार अध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी,नागेंद्र सिंह,महेश शर्मा, रायसाहब सिंह, राम विशाल तिवारी, नरेन्द्र सिंह तथा एमपी त्रिपाठी,आनन्द चौबे, जय प्रकाश तिवारी,मुन्ना चौबे सहित सभी वकीलों से मुलाकात की ।पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी विनोद सिंह ने शुक्रवार को सैदपुर, हयातनगर, मधुबन बलरामऊ, जंजाली का पुरवा आलहादपुर, गड़ौरा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में सभाएँ की व डोर टू डोर संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा यूपी सुरक्षा के मामले में नजीर बना है और कानून व्यवस्था व विकास के नए–नए आयाम गढ़ रहा है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार हर मुद्दे पर खरी उतरी है ।उन्होंने कहा कोरोना महामारी के दौरान कोई गरीब भूखा ना सोएं इसकी चिंता व व्यवस्था पीएम मोदी व सीएम योगी की सरकार ने सुनिश्चित की है ।और आज सरकार सभी गरीब व जरूरतमंदों को सरकार डबल राशन देने का काम कर रही है। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी विनोद सिंह के साथ महिला आयोग की सदस्य सुमन सिंह, विधानसभा प्रभारी रवीन्द्र कुमार सिंह, संयोजक प्रवीन कुमार अग्रवाल,ज्ञान प्रकाश जायसवाल,अजय जायसवाल, विजय त्रिपाठी,संदीप सिंह, आलोक आर्या,आशीष सिंह रानू, अरुण द्विवेदी, इंद्रदेव मिश्रा, रमेश शर्मा, संदीप तिवारी, संतोष दुबे, आकाश जायसवाल, नगर चुनाव संयोजक विनोद कुमार पांडे, शिवमूर्ति पाण्डे, सजनलाल कसौधन , बाली तिवारी,दीपक श्रीवास्तव, राहुल भान मिश्रा,राज कुमार सोनी,राजीव सिंह, आशीष सिंह रघुवंशी, द्वारिका प्रसाद द्विवेदी, विजय सेक्रेटरी, मोहित साहू,शिव श्याम सोनकर समेत तमाम भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सांसद का चार दिवसीय दौरा शनिवार से पांचों विधानसभाओं में करेगी प्रचार

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी चार दिवसीय दौरे पर शनिवार 12 फरवरी को देर शाम जिले में पहुंच रही है ।श्रीमती गांधी शास्त्रीनगर आवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करने के बाद रात्रि विश्राम करेंगी ।सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की सांसद श्रीमती गांधी शनिवार 12 फरवरी को प्रातः 9:00 बजे सड़क मार्ग से आगरा– लखनऊ एक्सप्रेस – वें होते हुए वाया हैदरगढ़ , जगदीशपुर मुसाफिरखाना 5:00 बजे संसदीय क्षेत्र पहुंचेंगी ।सांसद श्रीमती गांधी 12 फरवरी से 15 फरवरी तक सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं करेंगी ।सांसद श्रीमती गांधी 13 फरवरी से 15 फरवरी तक प्रातः 7 बजे से 9:30 बजे तक जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जन–शिकायतों का निस्तारण भी करेंगी ।सांसद श्रीमती गांधी 15 फरवरी को अपराह्न 3:00 बजे के बाद सड़क मार्ग से लखनऊ –आगरा एक्सप्रेस–वे होते हुए दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

# दो प्रत्याशी ने किया नामांकन दाखिल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 हेतु विधानसभा 368–मुंगराबादशाहपुर से भारत राष्ट डेमोक्रेटिक पार्टी से जितेन्द्र कुमार ने एक सेट में नामांकन दाखिल किया। इसीप्रकार विधानसभा 370–मड़ियाहूँ से जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी सुशील कुमार पटेल ने एक सेट में नामांकन दाखिल किया। आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये जनपद में निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के दूसरे कार्य दिवस में नामांकन पत्र राजनैतिक/गैर राजनैतिक दलों द्वारा क्रय किए गये। 364–विधानसभा बदलापुर निर्वाचन क्षेत्र से कुल 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये, जिसमे निर्दलीय प्रत्याशी इंद्रजीत ने 01 सेट में, आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राहुल शर्मा के द्वारा एक सेट में, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ओम प्रकाश दुबे के द्वारा चार सेट में, निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम प्रकाश के द्वारा एक सेट में, हम सब की पार्टी के प्रत्याशी अनिल कुमार सिंह के द्वारा एक सेट में, निर्दल प्रत्याशी राजेश कुमार द्वारा पर्चा खरीदा गए। 365–शाहगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 06 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये, निर्दलीय से श्रीमती प्रियंका, आम आदमी पार्टी से विनोद कुमार, भारतीय बहुजन समाज पार्टी से इंद्रदेव, विकासशील इंसान पार्टी से रामअनुज, निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी से रमेश, आम आदमी पार्टी से सुरेश राजभर ने पर्चा लिया। 366–सदर (जौनपुर) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 10 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये, जिसमे निर्दलीय से वीर विक्रम सिंह, सुषमा सिंह, भारतीय सबका दल पार्टी से ईश्वर दयाल, समाजवादी पार्टी से तेज बहादुर मौर्य, आम आदमी पार्टी से डॉ विनोद कुमार सिंह, समाजवादी पार्टी से मोहम्मद अरशद खान, बहुजन समाज पार्टी से सलीम खान, विकासशील इन्सान पार्टी से अन्जू, जनसत्तादल लोक तंत्रिक से दिनेश कुमार सिंह, जनसत्तादल (लोक) से अंजली ने एक–एक सेट में पर्चा लिया। 367–मल्हनी से कुल 13 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये, जिसमे निर्दलीय से अजय कुमार सिंह, पुष्पा यादव, अमर बहादुर यादव, भारतीय जनता पार्टी से के पी सिंह, लोक पार्टी से अवनीश तिवारी, समाजवादी पार्टी से लकी यादव, भारत राष्ट्र डेमोक्रेसी पार्टी से जितेंद्र कुमार, भारत स्वाभिमान पार्टी से राहुल सिंह, शिवसेना से आशीष कुमार, बहुजन समाज पार्टी से संतोष कुमार, राष्ट्रीय समाज से प्रवीण कुमार मिश्र, जनता दल यूनाइटेड से धनंजय सिंह, पचासी परिवर्तन समाज पार्टी से भारत राम यादव द्वारा एक सेट में पर्चा लिया गया। 368–मुंगराबादशाहपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से



कुल 11 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये, जिसमे निर्दल प्रत्याशी ज्योति प्रकाश पाल ने एक सेट में, शिवसेना के प्रत्याशी माधवेंद्र प्रताप सिंह ने 02 सेट में, भारतीय धर्मनिरपेक्ष पार्टी के प्रत्याशी वेंकटेश बहादुर पटेल ने दो सेट में, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी विशाल यादव ने एक सेट में, इण्डियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह ने दो सेट में, बहुजन मुक्ति पार्टी से लाल जी ने एक सेट में, प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के नीलम कुमारी अंबेडकर ने एक सेट में, राष्ट्रीय संघर्ष पार्टी के प्रत्याशी अखिलेश शुक्ला ने 01 सेट में, मूलनिवासी समाज पार्टी के अजय कुमार ने एक सेट में, मानव समाज पार्टी के प्रत्याशी जयप्रकाश बिन्द, जनता दल यूनाइटेड राकेश पटेल ने 01 सेट में पर्चा क्रय किया। 369–मछलीशहर से कुल 11 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किए गए, जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी पिंकी सरोज, रागनी सोनकर, बच्चू लाल सोनकर, अरविंद कुमार कनौजिया ने एक–एक सेट में, आम आदमी पार्टी से प्रेमचन्द्र, बहुजन समाज पार्टी से विजय कुमार, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से श्रीमती माला सोनकर द्वारा दो–दो सेट में, बहुजन मुक्ति पार्टी से अतुल कुमार निगम द्वारा एक सेट में पर्चा लिया गया। 370–मड़ियाहूं से कुल 12 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किए गए, जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी देवांगन, विजय कुमार, लोक पार्टी से सतीश कुमार शुक्ला, आम आदमी पार्टी से अच्छे लाल यादव, अपना दल एस से संजय एम सिंह, अपना दल एस से संयोगिता सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से मीरा देवी, जनाधिकार पार्टी से देवेंद्र कुमार मौर्य, अपना दल एस से अमरावती पटेल, बहुजन समाज पार्टी से राजेश, अपना दल एस से सुनीता वर्मा, अपना दल एस से करन सिंह ने एक–एक सेट में पर्चा लिया। 371–जफराबाद से कुल 08 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किए गए, जिसमें निर्दलीय से लक्ष्मी, संतोष, अनीता, सुशील चंद्र दुबे, योगेश कुमार, पवन त्रिपाठी ने एक सेट में, आम आदमी पार्टी से विजय कुमार पाठक, समाजवादी पार्टी से बाघ सिंह ने एक–एक सेट में पर्चा लिए। 372–केराकत से कुल 04 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये, जिसमे भारती विकासशील इंसान पार्टी से पप्पू कुमार, बहुजन समाज पार्टी से लाल बहादुर, निर्दल से राजेन्द्र एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से राजेश ने एक–एक सेट में पर्चा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए नामाकंन का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर मेटल डिडेक्टर लगाये गये हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश होगा तथा कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये वैरीकेटिंग, सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध तथा वैरीकेटिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग की जा रही है।

# विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैनात उड़न दस्ता, सचल दस्ता, एमसीएमसी की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसएसटी टीम को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन का पालन करते हुए पूरी निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करें। संदिग्ध वाहनों की चेकिंग गहनता से करे एवं इस दौरान वीडियोग्राफी अवश्य कराये। उन्होंने निर्देश दिया कि संदिग्ध प्रतीत होने पर महिलाओं की तलाशी महिला आरक्षी द्वारा ही की जाएगी। एफएसटी टीम अपने–अपने विधान सभा क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए नकदी का अवैध आदान–प्रदान, शराब का वितरण या अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुएं आदि की आवाजाही पर गहनता से निगरानी रखे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के कार्य मे लापरवाही न की जाए। सभी टीमों के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिया कि आवश्यक सूचनाएं समय से उपलब्ध कराए। वरिष्ठ कोषाधिकारी




सुनील कुमार को टीमो की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग गम्भीरता से की जाय। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री, ज्वाइट मजिस्ट्रेट हिमाशु नागपाल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य प्रभारी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जो सबको अपनी तरफ आकृष्ट करें वही श्रीकृष्ण : रामनयन मिश्र शास्त्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा विकास खण्ड के मलिकानपुर गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवे दिन शुक्रवार को अयोध्या हनुमान कुण्ड से पधारे पधारे राष्ट्रीय कथा वाचक मानस ने कहा कि जो सबकों अपनी तरफ आकृष्ट करें वही श्रीकृष्ण है। भवसागर से पार होने का सशक्त माध्यम श्रीमद्भागवत कथा रसपान है। उक्त गांव निवासी प्रोफेसर ईश नारायण उपाध्याय के सूर्यसदन भवन पर आयोजित कथा प्रसंग के दौरान बासुदेव देवकी कथा सुनाया गया। देवकी के जेल में ही रहने के दौरान पैदा हुए श्रीकृष्ण को बासुदेव द्वारा नंद के घर पहुचाने की कथा सुन लोग आनन्दित हो गए।नंद को आनन्द भयो जय कन्हैयालाल की गीत पर श्रोता जहां भावविभोर हो गए वही महिलाएं खुशी से झूमने लगी। कथा प्रसंग में शास्त्री जी ने शुक्राचार्य, राजा ययाति व देवयानी की कथा सुनाते हुए लोगो को अपने धर्म का अनुसरण करने की सीख दी।उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण रूपी नसाकर जीवन को धन्य कर सकतें है। भागवत कथा समापन पर एस एन उपाध्याय ने आये हुए श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया।

# प्राचार्य पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के आदर्श श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय छंगापुर लेदुका में फर्जी कूटरचित व धोखाधड़ी करके नियुक्त प्राप्त करने के आरोप में पुलिस ने प्रबंधक की तहरीर पर प्राचार्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना कर रही है। महाविद्यालय छंगापुर में प्राचार्य पद हेतु विज्ञापन के सापेक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ पांच वर्षीय अध्यापन अनुभव श्री दुर्गा देवी संस्कृत महाविद्यालय जगदीशपुर बलिया का प्रमाण पत्र संलग्न कर विनय दूबे द्वारा प्रस्तुत किया गया था । जिसके आधार पर प्रबंध समिति द्वारा विनय दूबे की प्राचार्य पद पर नियुक्ति 21 मार्च 2015 को की गई थी। महाविद्यालय द्वारा उक्त प्रमाणपत्र की जांच कराये जाने पर फर्जी पाया गया। ऐसी स्थिति में 2019 में प्रबंध समिति ने नियुक्त को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए सूचना सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया । उन्होंने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रबंधक को प्राचार्य पर केस दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया। प्रबंधक संदीप तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने.प्राचार्य विनय दूबे के विरुध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया है।

# मालगाड़ी के इंजन से डिब्बा हुआ अलग : आधे घंटे खड़ी रही ट्रेन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वाराणसी–सुल्तानपुर रेलप्रखंड के रेलवे क्रासिंग विठुआकला पर अराजक तत्वों द्वारा कपलर खींचे जाने से



एक मालगाड़ी के इंजन से डिब्बा अलग हो गया। जिससे ट्रेन आधे घंटे तक खड़ी रही। घटना शुक्रवार 5.30 बजे की है! सुल्तानपुर से वाराणसी जा रही मालगाड़ी जैसे ही उक्त क्रासिंग पर पहुंचने वाली थी। तभी चालक ने आगे सिंग्नल न होने से मालगाड़ी को क्रासिंग पर खड़ी कर दिया। सिंग्नल मिलने पर जब चालक ने ट्रेन को आगे बढ़घया तो मालगाड़ी का एक डिब्बा अलग हो गया। बाद में चालक व गार्ड ने आकर कपलर को जोड़ा तब जाकर ट्रेन आगे बढ़ी। इस दौरान करीब आधे घंटे मालगाड़ी क्रासिंग पर खड़ी रही। हालांकि इस दौरान न तो अप और ही डाउन ट्रेन इस रुट से गुजरी। इस. संबंध में स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार यादव ने बताया कि सिंग्नल न होने पर चालक ने ट्रेन खड़ी कर दिया था। इसी बीच किसी अराजक तत्वो द्वारा दोनों डिब्बों को जोड़ने वाले कपलर को खींच दिया। जिससे डिब्बे अलग रहे।

# सड़क किनारे गड्ढे में फेकी हुई मिली नवजात शिशु

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र के रमदतपुर गांव के समीप सड़क किनारे गड्ढे में शुक्रवार सुबह नवजात शिशु मिलने से सनसनी फैल गई।गांव की ही किरन नामक महिला ने देखा तो लोगों को जानकारी हुई।फिर उसे सीएचसी डोभी लाया गया जहां इलाज के बाद उसे चाइल्ड हेल्फलाइन के सदस्य को पुलिस की मौजूदगी में सुपुर्दगी में दे दिया गया। क्षेत्र के रमदतपुर गांव के समीप सड़क किनारे गड्ढे में किसी ने अपना पाप छुपाने के लिए नवजात शिशु (बच्ची)को फेक दिया था।सुबह उधर से गांव की किरन नामक महिला गुजर रही थी तो उसे शिशु के रोने की आवाज आयीं। जाकर देखा तो कपड़े में लिपटी नवजात बच्ची रो रही थीं।उसने उसे गोद में उठाया।जानकारी होते ही गांव के लोग इकट्ठा हो गए। उसे तत्काल सीएचसी डोभी लाया गया।जहां अधीक्षक डॉ.एस के वर्मा ने उसका इलाज किया बताया कि शिशु का वजन 1.8 के जी है।वह कमजोर ...लेकिन स्वस्थ हैं।इलाज के बाद चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित किया गया।सूचना पर पहुंचे मेम्बर अनुरुद्ध के पंकज को महिला कांस्टेबल भारती सिंह ने सुपुर्दगी में दी।

# कानपुर में पढ़ाई कर रहे छात्र ने तीन मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खेमापुर (दुबेपुर) निवासी रंजीत कुमार पुत्र स्वर्गीय अतिबल गौतम जोकि कानपुर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर लिया ।मृतक के घर पर माता मनोरमा ही अकेले घर पर रहती है ।मृतक अपने चार भाइयों में सबसे छोटा भाई रहा है।तीन भाई कन्हैया, अनिल, तथा रोशन मुंबई में रहकर कार्य करते हैं। मृतक की मां का रो–रो कर बुरा हाल है। ग्राम प्रधान नंदलाल यादव ने बताया गांव के अन्य लोग कानपुर गए हैं। मृतक ने खुद आत्महत्या करने का सुसाइड नोट दिया है।

# एम्बुलेंस में महिला ने बच्चे को दिया जन्म

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रसव पीड़ा के बाद सोनाई गांव की एक महिला गुरुवार की शाम एम्बुलेंस डिलीवरी के सीएचसी ले जाते समय रास्ते मे महिला ने एम्बुलेंस में ही बच्चे को जन्म दे दिया।एम्बुलेन्स में ईएमटी अजहरुद्दीन ने जच्चा बच्चा की देखरेख करते हुए सीएचसी बरसठी पहुँचाया।जहां पर दोनो स्वस्थ व सकुशल है। सोनाई गांव निवासी मीना देवी को गुरुवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन एम्बुलेन्स को फोन कर बुलाया। मौके पर पहुँची एम्बुलेन्स पायलट संजीव कुमार व ईएमटी अजहरुद्दीन महिला को लेकर चले लेकिन महिला को तेज प्रसव पीड़ा हुई जिससे रास्ते मे एम्बुलेंस में ही बच्चे को जन्म दे दिया।एम्बुलेन्स में ईएमटी अजहरुद्दीन ने तत्काल महिला को आवश्यक उपचार करते हुए सीएचसी बरसठी पहुँचे जहाँ पर स्टाफ नर्स ने महिला को डिलीवरी रूम में भर्ती कर आवश्यक इलाज किया।जच्चा बच्चा दोनो स्वस्थ है।

## आदरणीय पिताजी को समर्पित कुछ पंक्तियां.




याद आते रोज ही और क्यों न आएं
उनके आशीषों की सब पर ही हैं छांएं
खुश रहो हरदम कहा सबको उन्होंने
इसीलिए नहीं ठीक कि आंखें नम हो जाएं
याद आते रोज ही और क्यों न आएं...
आओ उनकी याद में खुदको बताएं
उनके आशीषों को कैसे सफल बनाएं
उनकी जीवन शैली को दिल से अपनाकर
उनकी दिखाई राह पर हम चलते जाएं
याद आते रोज ही और क्यों न आएं...
वो जैसे मुस्कुराते थे हम भी मुस्काएं
सही बात खुदको सरलता से समझाएं
वो "ओफ्फो" कहने के अंदाज को याद कर के
कोई शरारत कभी तो उस हद तक दोहराएं याद आते रोज ही और क्यों न आएं, उनके आशीषों की सब पर ही हैं छांएं, खुश रहो हरदम कहा सबको उन्होंने। इसीलिए नहीं ठीक कि आंखें नम हो जाएं। याद आते रोज ही और क्यों न आएं.

**...आलोक गौड़**

# शिक्षक कर्मचारी पेंशन के मुद्दे पर करेगा वोट – विजय कुमार बंधु

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अटेवा जौनपुर के मतदाता जागरुकता अभियान को संबोधित करते हुए अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने अपील की कि लोकतंत्र के सम्मान में चढ़ बढ़ कर मतदान करना चाहिए ताकि एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना हो सके! विजय कुमार बंधु ने केंद्र सरकार से सवाल पूछा कि आखिर कार हमारी पेंशन के मुद्दे पर ए चुप्पी क्यों! जिला संयोजक लखनऊ सुनील वर्मा ने अधिक से अधिक लोगो से मतदान करने की अपील की! कार्यक्रम संचालन करते हुए अटेवा सुइथा कला के अध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा कि इस बार युवा मतदाता अपनी ताकत दिखायेगा! जिला प्रभारी अटेवा जौनपुर इंदु प्रकाश यादव ने बताया कि लोग निजीकरण से त्रस्त है इस बार पुरानी पेंशन को लेकर मतदान करेगा! जिला महामंत्री संदीप कुमार चौधरी ने सभी से मतदान करने की अपील की! कार्यक्रम की अध्यक्षता डा श्याम सुंदर उपाध्याय ने करते हुए देश के विकास के लिए पुरानी पेंशन बहाली के लिए सरकार चुनना है! इस मौके पर जिला संयोजक चंदन सिंह व जिला संगठन मंत्री संदीप कुमार यादव ने सभी




का आभार व्यक्त किया! संजय सिंह, अमर बहादुर यादव, अखिलेश यादव, जगदीश यादव, रत्तीलाल निषाद, धर्मेंद्र यादव, लाल साहब यादव, टी एन यादव, विनय वर्मा, धर्मेंद्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे!

# बेटे को शिक्षित के साथ–साथ संस्कारित करना अतिआवश्यक : यह सराहनीय पहल हैं – वसुंधरा राजे

जयपुर देश की उपासना : बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान के संयोजक कवि हरीश शर्मा, सह–संयोजक आकाश झूरिया, विद्युत श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार भास्कर व फिल्म डायरेक्टर मन्नू परदेशी ने जयपुर स्थित कार्यालय में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बेटा पढ़ाओ – संस्कार सिखाओ अभियान द्वारा निरन्तर किये जा रहें कार्यो को लेकर चर्चा की गई एवं अभियान पर लिखित पुस्तक भेंट की गई। इस अवसर पर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया ने इस पहल को लेकर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह पहल अत्यंत सराहनीय पहल है। आज के इस वर्तमान दौर में बेटे को शिक्षित के साथ–साथ संस्कारित करना अतिआवश्यक हैं। अगर बेटों में अच्छे संस्कार होंगे तो देश व समाज की तमाम माँ–बहिन बेटियां सुरक्षित रहेगी। समाज बदलाव को लेकर बेटा पढ़ाओ – संस्कार सिखाओ अभियान द्वारा निरन्तर किये जा रहें अथक प्रयासों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं। इसी कड़ी में बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान पर आधारित सामाजिक प्रेरणादायक हिंदी शॉर्ट फिल्म "मेरा हीरो पार्ट–2" के पोस्टर का विमोचन भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया द्वारा जयपुर स्थित कार्यालय में किया गया। यह हिंदी शॉर्ट फिल्म डिवाइन स्टूडियो झुंझुनूं के बैनर तले तैयार की गई हैं। फिल्म के निर्माता, लेखक व डायरेक्टर मनोज मन्नू परदेशी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के संयोजक कवि





हरीश शर्मा व सह–संयोजक आकाश झुरिया की प्रेरणा से इस फिल्म का निर्माण समाज मे शिक्षा एवं संस्कारो की एक नई अलख जगाने के उद्देश्य से किया है। वर्तमान समय मे देश की युवा पीढ़ी संस्कारो के अभाव में नशे, चोरी आदि जैसे अनेकों गलत रास्तों पर चलकर अपना पूरा भविष्य खराब कर रहीं हैं। इस हिंदी शॉर्ट फिल्म में लक्ष्मणगढ़ कस्बें के उभरते युवा कलाकर चंद्रप्रकाश शर्मा के द्वारा भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई हैं। यह फिल्म जल्द ही डिवाइन स्टूडियो झुंझुनूं के यूट्यूब चौनल पर रिलीज की जायेगी। इस अवसर पर अभियान के संयोजक कवि हरिश शर्मा, सह–संयोजक आकाश झुरिया, विद्युत श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार भास्कर, भाजपा नेताओं सहित अन्य सदस्य महानुभाव उपस्थित रहें।

# सेंट जोसेफ के हजारों छात्र–छात्राओं ने राजाजीपुरम् क्षेत्र में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

आर एल पाण्डेय लखनऊ। हाथों में छोटे–छोटे तिरंगे और मतदाता शपथपत्र के पैम्पलेट लिये राजाजीपुरम् स्थित सेंट जोसेफ कालेज के हजारों छात्र–छात्राओं ने हाथों में हमारे और लोकतंत्र के भविष्य के लिये वोट करे, पहले मतदान–फिर जलपान, लोकतंत्र का पर्व मनायें–वोट डाल कर्तव्य निभाये जैसे बैनर पोस्टर लिये पश्चिम विधान सभा के राजाजीपुरम् परिक्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। लोगों को मतदान के लिये जागरूक और प्रेरित करने के लिये उन्होनें तिरंगे के साथ मतदाता शपथ पत्र के पैम्पलेट भी बांटे। साथ ही लोकतंत्र के इस महाउत्सव में शत–प्रतिशत मतदान करने की अपीत की। इस मतदाता जागरूकता रैली को पुलिस कमिश्नर डी0 के0 ठाकुर के साथ सेंट जोसेफ समूह की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पश्चिम विधान सभा के भाजपा प्रत्याशी अंजनी श्रीवास्तव, स्थानीय सभासद शिवपाल सांवरियां सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों के साथ स्थानीय निवासी भी उपस्थित थे। इसके पूर्व उपस्थित सभी बच्चों अध्यापक–अध्यापिकों को मतदान–महादान की शपथ भी दिलवायी गयी और लोकतंत्र के इस महायज्ञ में मतदान की आहुति डालने के साथ दूसरे अन्य दस लोगों को भी मतदान करने के लिये प्रेरित करने की शपथ दिलवायी गयी। इस अवसर पर सेंट जोसेफ समूह के प्रबन्धा निदेशक अनिल अग्रवाल के साथ स्क्वाड्रन लीडर (से0नि0) राखी अग्रवाल भी उपस्थित थी पूर्व स्क्वाड्रन लीडर ने कहा कि पैतालिस प्रतिशत वोटिंग पर अपने प्रतिनिधि को चुनना, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिये दुखद् घटना है। जिस तरह सीमाओं पर सैनिक देश की रक्षा करते है उसी प्रकार विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के लोकतंत्र की रक्षा आपका किया गया मतदान ही करता है। 'सेंट जोसेफ समूह की संस्थापक अध्यक्ष ने अपने संबोधन में बच्चों को निर्वाचन आयोग का ब्रांड एम्बेसडर बताते हुये कहा कि भले ही बच्चे वोट न डाल पाये लेकिन ये अपने माता–पिता, पड़ोसी, रिश्तेदारों को अपने व लोकतंत्र के उज्जवल भविष्य के लिये मतदान करने के लिये






बहुत अच्छी तरह से प्रेरित कर सकते है। उन्होनें उपस्थित महिलाओं से अपील की कि पहले मतदान करें फिर जलपान करें। वही पुलिस कमिश्नर लखनऊ ने प्रथम चरण में हुये कम वोट प्रतिशत पर चिंता जताते हुये कहा कि शहरी क्षेत्रों के उच्च शिक्षित लोग मतदान के दिन को छुट्टी का दिन मानकर घरों से बाहर नहीं निकलते है। वही छात्र–छात्राओं भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बताते हुये कहा कि देश के स्वस्थ्य लोकतंत्र का भार इनके ही कंधों पर है ये खुद जागरूक होकर दूसरे अन्य दस लोगों को मतदान करने के लिये जागरूक कर सकते है। प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल ने बताया कि पश्चिम विधान सभा के राजाजीपुरम् परिक्षेत्र में बच्चों के द्वारा निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली में छोटे–छोटे बच्चों ने लोगों को तिरंगे के साथ मतदान महादान के शपथ पत्र के पैम्पलेट भी बांटे। बच्चों ने लोगों से चुनाव के दिन घर से निकल कर मतदान करने की अपील भी की। उन्होने कहा कि बच्चों से बड़ा स्टार प्रचारक कोई नहीं है। इस बात को पिछले चुनावों में खुद निर्वाचन आयोग ने स्वीकार किया था।

# जिलाधिकारी व एसएसपी ने संयुक्त रुप से विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत विधानसभा अयोध्या के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इन दोनो अधिकारियों ने विधानसभा अयोध्या के प्राथमिक विद्यालय तिहुरा, मतदेय स्थल चन्द्रबली इंटर कालेज सिरसिंडा, मतदेय स्थल प्रा0वि0 राजेपुर, मतदान केन्द्र बच्चूलाल इंटर कालेज पूरा बाजार तथा मतदान केन्द्र प्रा0वि0 देवगढ़ का निरीक्षण कर उक्त मतदान केन्द्रों के समस्त बूथों पर मतदान को सकुशल निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु तैयारियों का जायजा लिया।इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त बूथ कक्षों को व सम्पूर्ण परिसर को साफ सुथरा करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान समस्त मतदान केन्द्रों पर मतदान सम्बंधी शेष समस्त तैयारियों को भी समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मतदान के सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्बंधित पुलिस के अधिकारियों को नियमित क्षेत्र का भ्रमण करने, असामाजिक तत्वों पर विशेष निगाह रखने तथा किसी भी प्रकार से कहीं पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाये जाने पर सम्बंधित पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।इस दौरान जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने चन्द्रबली इंटर कालेज सिरसिण्डा व बच्चूलाल इंटर कालेज पूराबाजार में सुरक्षा कर्मियों के ठहरने सम्बंधी तैयारियों का भी जायजा लिया तथा समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिये।वही निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के समस्त कमरों, शौचालयों व सम्पूर्ण परिसर की नियमित साफ सफाई कराने, भवनों




का अच्छे एवं गुणवत्तायुक्त ढंग से रंगाई पुताई कराने आदि सहित कम्पोजित ग्रांट का बेहतर ढंग से सदुपयोग करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चूलाल इंटर कालेज पूराबाजार में कालेज के विभिन्न कक्षों में अध्ययनरत बच्चों से वार्ता की तथा 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों को कोविड टीकाकरण कराने की स्थिति की जानकारी व शिक्षा के स्तर को जाना गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा 9 के बच्चों से किताबों को पढ़ाकर शिक्षा के स्तर को देखने पर कुछ बच्चों द्वारा पुस्तक न पढ़ पाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा शिक्षा की गुणवत्ता व स्तर को सुधारने हेतु विद्यालय में अध्ययरत समस्त बच्चों को उनकी कक्षा व शिक्षा के स्तर के अनुसार विभाजित करने हेतु समस्त अध्यापकों को जिम्मेदारी देने तथा कक्षा के स्तर से पिछड़े बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुये उनकी शिक्षा के स्तर में सुधार लाकर उनकी कक्षा के शिक्षा स्तर तक लाने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त बच्चों का अलग अलग प्रोफाइल बनाकर प्रत्येक माह बच्चों के शिक्षा स्तर में सुधार की स्थिति का जायजा भी लेने हेतु प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया।

# नाम वापसी के साथ–साथ बांटा गया चुनाव चिन्ह

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव संवाददाता अयोध्या) विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के तहत प्रत्याशियों द्वारा नाम वापसी के अंतिम दिनांक पर बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह अनूप द्वारा अपना पर्चा वापस लिया गया।वही नाम वापसी के साथ ही सभी विधानसभाओं में रिटर्निंग आफिसर्स द्वारा वैध प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। 271 रूदौली विधानसभा में मा0 प्रेक्षक श्री राजेन्द्र विजय, 273 मिल्कीपुर विधानसभा में मा0 प्रेक्षक चौथी राम मीना, 274 बीकापुर विधानसभा में मा0 प्रेक्षक मृत्युंजन कुमार बरनवाल, 275 अयोध्या विधानसभा में मा0 प्रेक्षक डॉ0 जगदीश जी व 276 गोसाईगंज विधानसभा में मा0 प्रेक्षक श्री प्रवीण कुंडलिक पुरी ने अपने–अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के साथ बैठक करते हुये आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी गयी और बताया गया कि बिना अनुमति के कोई कार्य नही करें, सुविधा ऐप पर आवेदन कर अनुमति प्राप्त करें, शराब, नगदी आदि अवैध सामाग्री का प्रयोग न करें, रोड शो, बाईक रैली पूर्ण प्रतिबंधित सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी देते हुये निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि नियमों के उल्लंघन किये जाने पर दोषियों के विरूद्व कार्यवाही की जायेगी। 271–रूदौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में रिटर्निंग आफिसर्स स्वप्निल कुमार यादव द्वारा भाजपा श्री रामचन्द्र यादव को कमल, सपा श्री आनन्द सेन को साइकिल, बसपा श्री अब्बास अली जैदी को हाथी, आम आदमी पार्टी श्री मनोज कुमार को झाड़ू, कांग्रेस श्री दया नन्द शुक्ला को पंजा, एआईएमआईएम मो0 शेर अफगान को पतंग, सबका दल युनाइटेड पार्टी राजकरन को बल्ला, पीस पार्टी मो0 मुनसफ को कांच का गिलास, राष्ट्रवादी पार्टी आफ इंडिया कुमुद कुमारी को हेलीकाप्टर, निर्दल श्री कुसुम कुमार को आलमारी चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये। 273–मिल्कीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में रिटर्निंग आफिसर्स दिग्विजय प्रताप सिंह द्वारा सपा अवधेश प्रसाद को साइकिल, बसपा मीरा देवी को हाथी, भाजपा बाबा गोरखनाथ को कमल, मौलिक अधिकार पार्टी राधेश्याम को आटो रिक्शा, इंडियन नेशनल कांग्रेस वृजेश कुमार को पंजा, आम आदमी पार्टी हषवर्धन को झाड़ू, निर्दल शिव मूर्ति को एयर कंडीशनर चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये। 274–बीकापुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में रिटर्निंग आफिसर्स अनुराग प्रसाद द्वारा बसपा सुनील को हाथी, राष्ट्रीय भागीदार पार्टी हजारी लाल को टाईप मशीन, भाजपा अमित सिंह चौहान को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस अखिलेश यादव को पंजा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मधु द्विवेदी को बाल और हँसिया, अपना दल बलिहारी पार्टी दिशा पटेल को अंगूठी, आम आदमी पार्टी सुनील कुमार को झाड़ू, सपा फिरोज खॉ उर्फ गब्बर को साइकिल, मौलिक अधिकार पार्टी जंग बहादुर को आटो रिक्शा, निर्दल भूपेन्द्र प्रताप को अलमारी, जन अधिकार पार्टी श्री राजकुमार को गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये है। 275–अयोध्या विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में रिटर्निंग आफिसर्स राजकुमार शुक्ला द्वारा भाजपा वेद प्रकाश गुप्ता को कमल, सपातेज नारायण पांडेय को साइकिल, बसपा श्री रवि प्रकाश को हाथी, इंडियन नेशनल कांग्रेस श्रीमती रीता को पंजा, आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी श्री बृजेन्द्र दत्त त्रिपाठी को बल्लेबाज, कम्यूनिस्ट पार्टी आफ इंडिया सूर्यकांत पांडेय को बाल और हँसिया, आम आदमी पार्टी शुभम श्रीवास्तव को झाड़ू, मौलिक अधिकार पार्टी श्री संजय कुमार को आटो रिक्शा, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी रमेश कुमार चौबे को बांसुरी, जन अधिकार पार्टी राजेश कुमार को गैस सिलेंडर को चिन्ह आवंटित किये गये है। 276–गोसाईगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में रिटर्निंग आफिसर्स संदीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा भाजपा आरती तिवारी को कमल, सपा अभय सिंह को साइकिल, आम आदमी पार्टी श्री आलोक द्विवेदी को झाड़ू, बसपा श्री राम सागर को हाथी, लोक तांत्रिक किसान मोर्चा श्रीमती सविता पटेल को कांच का गिलास, विकासशील इंसान पार्टी श्री वेद प्रकाश निषाद को आदमी व पाल युक्त नौका, कांग्रेस शारदा देवी पंजा, निर्दल श्री सर्वेश कुमार को बल्ला चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये है।

# कैसरगंज सांसद के कृत्य से आहत पत्रकारों के मामले में विधायक द्वारा खेद जताने पर संगठन ने किया मामले का पटाक्षेप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के मिल्कीपुर भाजपा विधायक एवं पार्टी प्रत्याशी गोरखनाथ बाबा के समर्थन में अमानीगंज ब्लाक क्षेत्र के नागी पुर गांव में आयोजित चिंतन शिविर में पहुंचे मुख्य अतिथि कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह की सभा में पत्रकारों द्वारा कवरेज का बहिष्कार किए जाने के बाद उपजे असंतोष को लेकर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महा संगठन के बैनर तले भाजपा प्रत्याशियों मिल्कीपुर विधायक गोरखनाथ बाबा ने पत्रकारों से क्षमा याचना की।उन्होंने मौजूद पत्रकारों से खेद व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की कोई पुनरावृति आप लोगों के साथ कतई नहीं होने पाएगी। इसका सदैव ध्यान रखा जाएगा।उन्होंने कहां कि जब भी मिल्कीपुर में कार्यक्रम आयोजित होंगे उस कार्यक्रम में पत्रकारों के लिए अलग से दीर्घा और स्थान सुनिश्चित किया जाएगा ताकि समाचार कवरेज के दौरान पत्रकारों को किसी भी प्रकार की विसंगति एवं असुविधा न हो।भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महा संगठन के जिला अध्यक्ष बलराम तिवारी ने विधायक द्वारा समूचे घटनाक्रम को लेकर पत्रकारों से सामूहिक रूप से क्षमा मांगे जाने के बाद संतोष व्यक्त किया।उन्होने यह भी ऐलान किया कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा सम्मानित पत्रकारों की मर्यादा से छेड़ने का



प्रयास किया जाता है तो उसे मुंहतोड़ जवाब भी दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि प्रकरण को लेकर विधायक द्वारा सामूहिक रूप से क्षमा याचना मांगे जाने के बाद अब इस प्रकरण का पूरी तरह से पटाक्षेप हो गया है। उन्होंने अपने सहयोगी एवं संगठन के साथियों को भी आगाह किया कि अब इसको लेकर कभी भी टिप्पणी नहीं होनी चाहिए।इस बैठक को जिला उपाध्यक्ष नरसिंह 'वत्स' ने भी संबोधित किया।इस मौके पर संगठन के तहसील मिल्कीपुर शाखा अध्यक्ष वेद प्रकाश तिवारी, राजेश उपाध्याय रामनिवास पांडे, विजय कुमार पाठक, दिनेश जायसवाल, रामेंद्र भूषण पांडे सहित मिल्कीपुर के पत्रकार मौजूद रहे।

# पुलिस ने चोरी की पिकअप एवं अवैध 312 बोर के तमंचे समेत किया एक को गिरफ्तार

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)जिले के मवई थाना अंतर्गत चौकी बाबा बाजार पुलिस ने चोरी की मैक्स पिकअप एवं अवैध 312 बोर के तमंचे समेत किया एक को गिरफ्तार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान शांति व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु आज प्रातः बाबा बाजार चौकी इंचार्ज मनोज कुमार द्वारा शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा था।इस दौरान उन्हे मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक अभियुक्त चोरी की मैक्स पिकअप लेकर रेछ घाट बैरियर की तरफ जा रहा है बाबा बाजार चौकी इंचार्ज मनोज कुमार उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह थाना मवाई कांस्टेबल शरद वीर सिंह कांस्टेबल सुनील कुमार द्वारा रेछ घाट बैरियर के पास पहुंचकर चेकिंग शुरू कर दी पुलिस द्वारा मैक्स पिकअप को रोकने की कोशिश की तो अभियुक्त निखिल प्रताप सिंह पुत्र संजय प्रताप सिंह निवासी मु क रिम पुर थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर पिकअप को मोड़ के भागने की कोशिश कर रहा था कि पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया गया पकड़े गए निखिल प्रताप सिंह की जामा तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास से 312 बोर का तमाचे दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया पकड़े गए अभियुक्त के ऊपर मुकदमा अपराध संख्या 36 बटा 22 धारा 379 411 थाना मवाई मुकदमा अपराध संख्या 53 बटा 22 धारा 3/ 25 आर्म्स एक्ट थाना मवई जनपद अयोध्या मुकदमा अपराध संख्या 132 / 19 धारा 3 / 25 थाना रुदौली जनपद अयोध्या मुकदमा अपराध संख्या 133 / 19 धारा 41 / 411 / 413 के अंतर्गत पूर्व में मुकदमा पंजीकृत है पुलिस द्वारा अभियुक्त को न्यायालय प्रस्तुत हेतु भेजा गया है।

# दस लाख से अधिक लागत पर पंजीयन जरूरी : सर्वे शुरु – उप श्रमायुक्त

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) श्रम विभाग ने 10 लाख या उससे अधिक लागत के नवनिर्मित भवनों का सर्वे शुरू कर दिया है। ऐसे भवन स्वामियों को सेस जमा करने की नोटिस भी भेजी जा रही है।वही सरकारी भवनों के लिए सेस देना अनिवार्य है। इसके लिए सभी सरकारी विभागों की आइडी जारी की जा चुकी है, जिसमें श्रमिक विवरण के साथ सेस की सूचना की फीडिग की जाएगी, अधिष्ठान पंजीयन कराना भी जरूरी है। इस संबंध में जिलाधिकारी इस कार्य की समीक्षा करेंगे। उपश्रमायुक्त अनुराग मिश्र ने अभियान को गति देने के लिए श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को विभाग व क्षेत्र आवंटित किया है।जो सहायक श्रमायुक्त आनंद कुमार सिंह इस कार्य की नियमित निगरानी करेंगे।श्रम प्रवर्तन अधिकारियों में रोहित प्रताप को लोक निर्माण विभाग, ग्राम्य विकास, नगर निगम व क्षेत्र की नगर पालिकाओं, विकास प्राधिकरण व राजकीय निर्माण निगम, शिशिर कुमार को पावर कारपोरेशन लिमिटेड, सेतु निगम, मंडी परिषद, नलकूप, समाज कल्यण निगम, क्षेत्र की नगर पालिकाएं व नगर पंचायत, प्रभात कुमार को आवास विकास निगम, जल निगम, सिचाई, बीएसए, क्षेत्र की नगर पालिका व नगर पंचायत सौंपा गया है।

# पूर्व मंत्री संदीप सिंह चौहान सपा छोड़कर भाजपा में शामिल

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) समाजवादी पार्टी सरकार में राज्य मंत्री रहे संदीप सिंह चौहान ने समाजवादी पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।संदीप सिंह चौहान को जॉइनिंग कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष श्री लक्ष्मीकांत वाजपेई जी ने प्रदेश मुख्यालय पर सदस्यता दिलाई ।इस मौके पर जिलामीडिया प्रभारी डॉ रजनीश सिंह भी मौजूद रहे । संदीप सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी आज डॉ लोहिया के समाजवाद से भटक गई है, वह सिर्फ और सिर्फ एक जाति और एक वर्ग का तुष्टीकरण कर रही हैं, भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम कर रही हैं और मैं योगी जी की नीतियों के प्रति आस्था रखते हुए पार्टी की सदस्यता ले रहा हूं और आज से भारतीय जनता पार्टी की नीति रीति के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एकात्म मानववाद अंत्योदय सिद्धांत को पार्टी के जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे । संदीप सिंह चौहान के साथ भाजपा की सदस्यता लेने वालों में मिल्कीपुर के पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री विनय कुमार सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य भी मौजूद रहे।

# मिल्कीपुर स्कूल में 40 किशोरों को लगी वैक्सीन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)जिले के अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र के श्री राम चरन स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज शिवनगर कुमारगंज में शुक्रवार को 15 से 18 वर्ष आयु के छात्र–छात्राओं को कोविड वैक्सीनेशन किया जा रहा है। बेटियों में टीकाकरण को लेकर उत्साह दिखाई दिया। मेडिकल टीम को देखकर घबराने की बजाय स्वयं ही बोलीं कि पहले हमें टीका लगाओ, ताकि कोरोना का खतरा कम हो जाए, रजिस्ट्रेशन के बाद छात्राओं ने वैक्सीनेशन करवाया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडासा की एएनएम पूजा सिहं ने बताया कि को वैक्सीन का 200 डोज आया हुआ है।वही विद्यालय के छात्र छात्राओं को द्वितीय डोज के साथ साथ जिन छात्र–छात्राओं को प्रथम डोज नहीं लगी थी उनको भी लगाया जा रहा है। कोविड टीकाकरण के तहत 15 से 18 वर्ष के करीबन 40 छात्र–छात्राओं को दोपहर तक टीके लगाए गए शाम 3:00 बजे तक को वैक्सीन लगाया जाऐगा।इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय विक्रम सिंह ने बताया कि कोरोना टीकाकरण को लेकर छात्र–छात्राएं जागरूक हो गए हैं। जो समय पर आकर कोविड टीकाकरण अपना करवा रहे हैं। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक विजय कुमार मिश्रा, पारस नाथ पांडे, सिद्ध नाथ मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, जय प्रकाश सिंह, उमेश प्रताप सिंह ,दिनेश कुमार मिश्रा ,अमित कुमार सिंह ,अशोक ओझा, संजू उपाध्याय , नीलम सिंह, रचना ओझा, चंदना गौड़ ,ज्योति सिंह क्षमा पाठक समय विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# एक दिन पूर्व अयोध्या के येलो जोन में बांग्लादेशी युवक के पकड़े जाने पर सुरक्षा व्यवस्था हुई सख्त

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामनगरी अयोध्या के येलो जोन में एक दिन पूर्व एक बांग्लादेशी युवक को पकड़ा गया है। संदिग्ध दिखने पर पुलिस ने इसको पकड़ा तो इसके बाद अलग–अलग पते वाले दो आधार कार्ड मिले हैं।जिसके चलते वहाँ पर सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है।पुलिस के मुताबिक भारत में करीब 16–17 वर्ष पहले छुपकर आने वाले इस युवक ने दिल्ली को अपना ठिकाना बनाया था। पुलिस के साथ ही इंटेलिजेंस एजेसियां उससे पूछताछ में लगी हैं। उसके खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया गया है।वही अयोध्या के येलो जोन राजघाट से पुलिस ने शुक्रवार दिन में संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे एक बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया है।युवक के पास बांग्लादेश से भारत आने का कोई वैध प्रमाण पत्र नहीं मिला है।उसके पास एक ही नम्बर के दो आधार कार्ड अलग–अलग पते के बरामद हुए हैं।पुलिस को नेशनल आईडी की भी छायाप्रति ही युवक दिखा सका।युवक को धोखाधड़ी कर भारत में रहने का दोषी पाते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के साथ ही खुफिया एजेंसियों ने युवक से पूछताछ की है।वही युवक बता रहा है कि वह अयोध्या घूमने आया था। मालूम हो कि रामनगरी अयोध्या में येलो जोन का दायरा करीब तीन किलोमीटर में फैला है।रामलला, जहां विराजमान हैं वह क्षेत्र रेड जोन, जबकि इसके बाहर का क्षेत्र येलो जोन में आता है।जिले में डेरा लगा करने वालों की गंभीरता से पड़ताल का निर्देश दिया गया है।गिरफ्तार युवक अविनाश चंद्र दास बांग्लादेश के चरहोगला मेहंदीगंज वारिसल का रहने वाला है, लेकिन उसके पास से मिले दो आधार कार्ड में एक पर दिल्ली के कटिया बाबा आश्रम डेरी



लिबासपुर और दूसरे पर वृंदावन का पता अंकित है। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह करीब 16–17 वर्ष पहले छुप छुपाकर बांग्लादेश से भारत आया और पहले वह दिल्ली के कतिया बाबा आश्रम में रहा।उसने दिल्ली के पते पर आधार कार्ड भी बनवा लिया।इसके बाद वह वृंदावन चला गया किसी को उसपर संदेह न हो इसलिए उसने वृंदावन के पते पर भी आधार कार्ड बनवा लिया। युवक के खिलाफ थाना रामजन्म भूमि में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उसने पुलिस को और भी जानकारी उपलब्ध कराई है, जिसकी पड़ताल में पुलिस और खुफिया एजेंसियां लगी हुईं हैं।बांग्लादेशी युवक की गिरफ्तारी के बाद रामनगरी में सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं।जिले में डेरा लगा करने वालों की गंभीरता से पड़ताल का निर्देश दिया गया है।

# जिले के वरिष्ठ समाजसेवी राजन पांडे ने बसपा प्रत्याशी को दिया समर्थन

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव संवाददाता अयोध्या) जिले के वरिष्ठ समाजसेवी राजन पांडेय समाजसेवी ने रुदौली के बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी पूर्व मंत्री रुश्दी मियां को अपना समर्थन दिया।वही उन्होने अपने समर्थकों के साथ मैदान में उतर कर उन्होंने सघन जनसंपर्क किया।श्री पांडेय ने तमाम गांवों में जाकर डोर टू डोर जनसंपर्क किया।रुदौली क्षेत्र वासियों से पूर्व मंत्री के पक्ष में वोट देने की अपील



करते हुए श्री पांडे ने कहा कि पूर्व मंत्री रुश्दी मियां को मैं लगभग 20 सालों से जानता हूं बहुत ही बेहतर, अच्छे व नेकदिल इंसान हैं हर एक समाज के लोगों का सम्मान करते हैं सबको साथ लेकर चलने वाले इंसान हैं।मानवता के साथ–साथ वह जमीनी नेता हैं कोई भी जरूरतमंद उनके पास जाता है तो वह बढ़–चढ़कर मदद करते हैं। जाति धर्म से ऊपर उठकर कार्य करते है। इसलिए इनको आप सभी अपना बहुमूल्य मतदान करें पूर्व मंत्री के साथ उन्होंने लगभग 20 गांवों में पहुंच कर लोगों से मुलाकात कर ताकत झोंकी।उन्होंने कहा रुदौली के लोग रुदौली की देवतुल्य जनता आप सभी से मैं हाथ जोड़ने आया हूं अपना बहुमूल्य वोट अपने रुदौली के सेवक को दें गंगा जमुनी की तहजीब के लिए जानी जाने वाली रुदौली को छुट्टा जानवरों ने खूब चरा है आज तक अब कदापि ऐसा बिल्कुल न होने दें।

## सरकारी स्कूलों में किचन गार्डन व हरी पौष्टिक सब्जियां तैयार करने की हो रही तैयारी – बीएसए



अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय के बत जिले के लगभग 200 सरकारी स्कूलों में किचन गार्डन बनेगा।जिसमे हरी पौष्टिक सब्जियां तैयार होंगी।जिससे बच्चों को पोष्टिक सब्जियां मिलेंगी।उनके मुताबिक वही एक किचन गार्डन पर करीब 5 हजार रुपये खर्च होंगे।इसके लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को स्कूल चिन्हित करने के लिए कहा गया है।जो स्कूलों के खुलते ही इस योजना पर अमल शुरू हो जाएगा।जिले में ऐसे परिषदीय विद्यालय जहां किचन गार्डन के लिए पर्याप्त जगह है चिन्हित किए जाएंगे। ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर उसमें हरी सब्जी पैदा की जाएगी। शासन के आदेश पर 200 परिषदीय स्कूलों में किचन गार्डन बनाने की तैयारी चल रही है। एक विद्यालय पर किचन गार्डन के नाम पर करीब 5 हजार रुपये खर्च होंगे। किचन गार्डन में मौसमी सब्जियों को तैयार कर बच्चों को मिड डे मील में खिलाया जाएगा।विभागीय अधिकारियों के मुताबिक बहुत जल्द किचन गार्डन के लिए पैसा भेज दिया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि वह दिन दूर नहीं जब इन 200 स्कूलों में हरी सब्जियां तैयार होंगी। इस योजना को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी लगाए गए हैं। अतिरिक्त स्थानों वाले स्कूलों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि अभी स्कूल बंद हैं लेकिन चिह्नीकरण का काम शुरू कर दिया गया है।जिन स्कूलों में जगह है वहां किचन गार्डन बनाए जाएंगे। किचन गार्डन में मौसमी सब्जी पैदा कर बच्चों को मिड डे मील में खिलाई जाएंगी। स्कूलों में बच्चों को पोष्टिक खाना मिलेगा। करीब 200 स्कूलों में किचन गार्डन की तैयारी है।

# सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

अयोध्या। (सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के कोतवाली अयोध्या अंतर्गत चौकी रानो पाली क्षेत्र के पुलिस बूथ नंबर 4 के निकट रोड क्रॉस कर रहे वृद्ध को बाइक ने मार दी।जिसे उसके परिजनो द्वारा ट्रामा सेंटर ले जाते समय रुदौली में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजित राम पुत्र मनबोध आयु 55 वर्ष निवासी राव न दिल्ली थाना अहिरौली जनपद अंबेडकरनगर बीते बृहस्पतिवार की शाम लगभग 7:00 बजे अपने पैतृक आवास से घर का सामान पिकअप द्वारा जनपद उन्नाव अपने मकान को ले जा रहा था।बूथ नंबर चार के निकट पिकअप से उतर कर चाय पीने चला गया चाय पी कर लौटते वक्त रोड क्रास करने पर तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया।घायल को तत्काल राजकीय श्री राम चिकित्सालय अयोध्या ले जाया गया जहां से चिकित्सकों द्वारा जिला चिकित्सालय रिफर किया गया हालत गंभीर देखते हुए रात में ही इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे चिकित्सक द्वारा ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रिफर किया गया।मृतक के पुत्र अनिरुद्ध कुमार द्वारा ट्रामा सेंटर ले जाया जा रहा था कि रुदौली के निकट घायल राजित राम ने दम तोड़ दिया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।